# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

**मंगलवार, दिनांक 26 फरवरी, 2008**

## तारांकित प्रश्नोत्तर

रतनपुर-मजवानी-केंदा-केवची मार्ग की मरम्मत

1. (*क्र. 600) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले के अंतर्गत आर.एम. के. के. मार्ग (रतनपुर-मजवानी-केंदा-केवची मार्ग) का निर्माण कब किया गया था, तथा निर्माण लागत कितनी है ? (ख) क्या यह सही है, कि उक्त मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो जाने के कारण आवागमन बंद हो चुका है विशेष तौर पर केंदा और मंजवानी के बीच 15 कि. मी. सड़क मौजूद ही नहीं है ? (ग) क्या यह भी सही है, कि उक्त मार्ग गारण्टी अवधि में होने के उपरांत भी मरम्मत नहीं कराया जा रहा है ? (घ) उक्त मार्ग की मरम्मत कब तक कराई जावेगी ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) उपरोक्त सड़क में से निम्नलिखित भाग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाया गया है :—

| क्र. | सड़क का नाम | पूर्णता तिथि | लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | मजवानी से केंदा | 15-06-2003 | 158.47 |
| 2. | गौरेला बिलासपुर मुख्य मार्ग से जोगीसार | 10-02-2003 | 220.00 |

(ख) जी नहीं. (ग) जी नहीं. (घ) उक्त मार्ग को 145 वाहन प्रतिदिन के अधिकतम यातायात हेतु बनाया गया था. लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग को मुख्य जिला मार्ग घोषित किया जा चुका है. अत: इस मार्ग को लोक निर्माण विभाग को उनके आधिपत्य में लेने हेतु 5 अगस्त, 2007 को पत्र लिखा जा चुका है. अत: मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जावेगा.

जिला रायगढ़ में रोजगार गारंटी योजनांतर्गत स्वीकृत कार्य

2. (*क्र. 743) **सुश्री कामदा जोल्हे** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-08 में रायगढ़ जिले के लिये राष्ट्रीय रोजगार गांरटी योजनांतर्गत विकास कार्य हेतु कितनी राशि प्राप्त हुई ? (ख) 01 अक्टूबर, 2007 से 03-02-08 तक उक्त योजनांतर्गत कितने कार्य रायगढ़ जिले में तथा कितने कार्य सारंगढ़ विकासखण्ड में स्वीकृत हुए ? क्या स्वीकृत कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) वर्ष 2007-08 में रायगढ़ जिले के लिए राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनांतर्गत विकास कार्य हेतु रु. 8358.439 लाख राशि प्राप्त हुई. (ख) 01 अक्टूबर, 2007 से 03-02-08 तक उक्त योजनांतर्गत रायगढ़ जिले में 615 कार्य तथा सारंगढ़ विकासखण्ड में 89 कार्य स्वीकृत हुए, वर्तमान में सभी कार्य प्रगति पर है.

एन्टी करप्शन ब्यूरो द्वारा दर्ज मामले पर कार्यवाही

3. (*क्र. 588) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो एवं एन्टी करप्शन ब्यूरो द्वारा 31 जनवरी, 2008 तक कितने मामले दर्ज किये गये हैं ? विभागवार जानकारी दें ? (ख) कंडिका "क" के

मामलों में कितने मामले 02 वर्ष एवं 01 वर्ष से अधिक के बाद भी अभियोजन की स्वीकृति के लिए नहीं भेजे गये हैं ? ऐसे मामलों के नाम एवं पद सहित ब्यौरा दें ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : ( क ) राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में कुल 62 आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं तथा एन्टी करप्शन ब्यूरो में कुल 337 आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं. विभागवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 पर है. ( ख ) राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के, अभियोजन स्वीकृति आवश्यकता से संबंधित 26 प्रकरण 01 वर्ष से अधिक के हैं, इन्हीं 26 प्रकरणों में से 18 प्रकरण 02 वर्ष से अधिक अवधि के हैं. एन्टी करप्शन ब्यूरो के अभियोजन स्वीकृति आवश्यकता से संबंधित 56 प्रकरण 01 वर्ष से अधिक के हैं, इन्हीं 56 प्रकरणों में से 32 प्रकरण 02 वर्ष से अधिक अवधि के हैं. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-2 पर है.

विभिन्न एजेन्सी/कंपनी से प्राप्त रायल्टी

4. ( *क्र. 558 ) **श्री अमरजीत भगत** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) सरगुजा जिले में खनिज विभाग के द्वारा वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कुल कितना रायल्टी किस-किस एजेन्सी से वसूली की गयी ? ( ख ) उक्त अवधि में बाल्को एवं हिण्डाल्को कंपनी से कितनी रायल्टी वसूली की गई ? ( ग ) ( क ) एवं ( ख ) के अवैध वसूली के कितने प्रकरण तैयार कर कितनी राशि की वसूली की गई है ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : ( क ) एवं ( ख ) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. ( ग ) निरंक

रायगढ़ जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों में नियुक्तियां

5. ( *क्र. 285 ) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में रायगढ़ जिले के किन-किन विकासखण्डों में कितने नये आंगनबाड़ी केन्द्र किन-किन ग्राम में खोले गये ? ( ख ) क्या नये खोले गये आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति हो गई है ? यदि हां, तो कितने स्थानों में, यदि नहीं, तो कब तक कर ली जायेगी ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** ( सुश्री लता उसेंडी ) : ( क ) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार है. ( ख ) जी नहीं, निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

सर्वशिक्षा अभियान के तहत् शाला भवनों का निर्माण

6. ( *क्र. 781 ) **श्री चुन्नावन मंगेशकर** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) सर्व शिक्षा अभियान के तहत बिलासपुर जिले में शाला भवन हेतु वर्ष 2005-2006, 2006-2007 एवं 2007-2008 में 15-01-2008 तक कितनी-कितनी राशि बिलासपुर जिले को उपलब्ध कराई गयी ? ( ख ) बिलासपुर जिले को वर्ष 2005-2006, 2006-2007 एवं 2007-2008 में 15-01-2008 तक कितनी प्रायमरी तथा मिडिल स्कूल भवन बनाये जाने की स्वीकृति मिली ? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी दें ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर ) : ( क ) सर्व शिक्षा अभियान के तहत बिलासपुर जिले में शाला भवन हेतु वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 तक की अवधि में 15-01-2008 तक निम्नानुसार राशि बिलासपुर जिला को उपलब्ध करायी गयी है :—

| क्र. | शाला भवन | स्वीकृत राशि वर्षवार ( लाखों में ) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 |
| 1. | प्राथमिक शाला | 291.45 | 513.30 | 0.00 |
| 2. | माध्यमिक शाला | 449.79 | 1856.03 | 0.00 |

( ख ) बिलासपुर जिले को वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में 15-1-2008 तक स्थिति में कुल 185 प्रायमरी तथा 446 मिडिल स्कूल भवन बनाये जाने की स्वीकृति मिली है. जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है.

† परिशिष्ट "एक" †† परिशिष्ट "दो"

बायोडीजल उत्पादन हेतु व्यय राशि

7. ( *क्र. 334) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मई 2007 से दिसम्बर 2007 तक प्रदेश में स्थित संयंत्रों से माहवार कुल कितना बायोडीजल बनाया गया ? कुल कितनी राशि व्यय की गई ? उत्पादन लागत प्रति लीटर क्या है ? (ख) छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा 01 अप्रैल, 2007 से 31 दिसम्बर, 2007 तक बायोडीजल उत्पादन एवं अन्य समस्त मदों पर कितनी राशि व्यय की गई ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ रमन सिंह ) : (क) प्रदेश में छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा प्रदर्शन हेतु रायपुर में स्थापित किये गये एकमात्र संयंत्र से मई 2007 से दिसंबर 2007 तक कुल 2494.00 लीटर बायोडीजल बनाया गया, जिसके उत्पादन पर राशि रुपये 80,818.98 व्यय की गई. उत्पादन लागत रुपये 32.40 प्रति लीटर है. मई 2007 से दिसंबर 2007 तक माहवार उत्पादित बायोडीजल की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. (ख) छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा 01 अप्रैल, 2007 से 31 दिसंबर, 2007 तक बायोडीजल उत्पादन एवं अन्य समस्त मदों पर राशि रुपये 13,61,36,873.00 व्यय की गई.

निःशक्तजनों के लिए उपकरण हेतु आवंटित राशि

8. ( *क्र. 68) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिला अंतर्गत निःशक्तजनों को उपकरण/अन्य साधन दिये जाने हेतु कितनी राशि वर्ष 2007-08 हेतु आवंटित की गयी है ? (ख) क्या उक्त राशि व्यय की जा चुकी है ? (ग) उपकरण तथा अन्य साधन प्राप्त करने हेतु निःशक्तजनों के कितने आवेदन पत्र लंबित है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) बिलासपुर जिला अंतर्गत निःशक्तजनों को उपकरण/अन्य साधन दिये जाने हेतु राशि रुपये 12.80 लाख ( रुपये बारह लाख अस्सी हजार मात्र) वर्ष 2007-08 हेतु आवंटित की गयी है. (ख) जी नहीं. (ग) उत्तर †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में रोजगार गारंटी योजनांतर्गत स्वीकृत डब्ल्यू. बी. एम. मार्ग संबंधी

9. ( *क्र. 833) **मोहम्मद अकबर :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में भीखमपुर से हरदी डब्ल्यू. बी. एम. मार्ग, डुमरिया चौक से मगरवाह खर्रापार (रेंगाखार) डब्ल्यू. बी. एम. मार्ग तथा मोहगांव से चिलगुड़ा डब्ल्यू. बी. एम. मार्ग की स्वीकृति कब और कितनी-कितनी राशि की है ? मार्ग निर्माण हेतु 03-02-2008 तक किस-किस खदान का, कितना-कितना मटेरियल उपयोग किया गया है ? (ख) उक्त कार्यों में अलग-अलग मस्टररोल में कार्यरत मजदूरों को 31 जनवरी, 2008 की स्थिति में कुल कितना-कितना भुगतान प्राप्त हो चुका है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) कार्यरत मजदूरों को 31-01-2008 की स्थिति में निम्नानुसार भुगतान किया जा चुका है :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | भीखमपुर से हरदी डब्ल्यू. बी. एम. मार्ग निर्माण | - | रुपये 434548.00 |
| 2. | डुमरिया चौक से मगरवाह खर्रापार रेंखागार डब्ल्यू.बी.एम. मार्ग निर्माण. | - | रुपये 179145.00 |
| 3. | मोहगांव से चिलगुड़ा डब्ल्यू. बी. एम. मार्ग निर्माण | - | रुपये 47223.00 |

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति में अनियमितता पर कार्यवाही

10. ( *क्र. 3) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के बरमकेला वि. खं. में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की गलत नियुक्ति की शिकायत की जांच में क्या-क्या तथ्य नियम विरुद्ध पाये गये ? (ख) गलत नियुक्ति के लिए दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कब-कब, क्या-क्या कार्यवाही की गयी है ?

† परिशिष्ट "तीन" †† परिशिष्ट "चार" ‡ परिशिष्ट "पांच"

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) निर्धारित चयन प्रक्रिया के विरुद्ध विधवा/परित्यक्ता, महिलाओं, गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार, अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवार की महिलाओं को आवश्यक प्राथमिकता प्रदान न करने, फर्जी अंकसूची के आधार पर चयन करने, अपूर्ण पैनल के आधार पर चयन करने, गैर स्थानीय आवेदिका का चयन करने, ग्राम पंचायत से पैनल प्राप्त नहीं करके नियुक्ति किये जाने के तथ्य पाये गये. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

गृहलक्ष्मी योजनान्तर्गत हितग्राहियों को प्रदत्त गैस सिलेण्डर

11. (*क्र. 362) **श्री उदय मुदलियार :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले में गृहलक्ष्मी योजना के अंतर्गत कुल कितने लोगों को 31 दिसम्बर, 2007 तक गैस सिलेण्डर दिये गये हैं ? ब्लाकवार जानकारी देवें ? (ख) गैस सिलेण्डर एवं चूल्हा किस कंपनी का प्रदान किया गया ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) गैस सिलेण्डर एवं चूल्हा इंडेन, एच. पी. एवं भारत गैस कंपनी का प्रदान किया गया है.

रतनजोत पौध का रोपण हेतु स्वीकृत एवं व्यय राशि

12. (*क्र. 494) **श्री चैतराम साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायपुर जिले के भाटापारा विकासखण्ड के अंतर्गत किस-किस ग्राम में कितने हैक्टेयर भूमि में शासन की योजना के तहत वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में रतनजोत के कितने पौधे रोपे गये हैं तथा इसके लिए कितनी राशि स्वीकृत की गई एवं कितनी व्यय की गयी ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : रायपुर जिले के भाटापारा विकासखण्ड के अंतर्गत वर्ष 2006-07 में 6 ग्रामों में 113 हैक्टेयर भूमि में 2,82,500 रतनजोत के पौधे एवं वर्ष 2007-08 में 15 ग्रामों में 84.40 हैक्टेयर भूमि में 1,98,500 रतनजोत के पौधे रोपित किये गये हैं. इसके लिए स्वीकृत राशि रुपये 43.133 लाख के विरुद्ध राशि रुपये 26.70671 लाख व्यय की गई. ग्रामवार रतनजोत पौधरोपण की जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है.

धमधा विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति

13. (*क्र. 387) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धमधा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2006-07 एवं वर्ष 2007-08 में कितने आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति प्रदान की गई है ? (ख) क्या स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं? (ग) धमधा विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान में कितने ग्राम आंगनबाड़ी भवन विहीन है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) धमधा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2006-07 में 30 तथा वर्ष 2007-08 में 16 आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति प्रदान की गई है. (ख) स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों में से 19 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है. (ग) धमधा विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान में 167 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए स्वयं के आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत नहीं है.

कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्डों में शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति

14. (*क्र. 829) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2007-08 में संचालित प्राथमिक/मिडिल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शिक्षकों के स्वीकृत पदों के विरुद्ध कितने पद रिक्त हैं ? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर ली जावेगी ? शालावार तथा विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : विकासखण्ड कसडोल एवं बिलाईगढ़ में संचालित प्राथमिक/मिडिल, हाईस्कूल एवं हायर

† परिशिष्ट "छः" †† परिशिष्ट "सात" ‡ परिशिष्ट "आठ"

सेकेण्डरी स्कूलों में स्वीकृत तथा कार्यरत पदों की जानकारी निम्नानुसार है :—

**विकासखण्ड कसडोल**

| क्र. (1) | शाला का प्रकार (2) | कुल शालाएं (3) | स्वीकृत शिक्षक संख्या (4) | कार्यरत (5) | रिक्त (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हायर सेकेण्डरी | 13 | 238 | 100 | 138 |
| 2. | हाई स्कूल | 10 | 76 | 38 | 38 |
| 3. | पूर्व मा. शाला | 138 | 511 | 365 | 146 |
| 4. | प्रा. शाला | 287 | 1073 | 837 | 236 |

**विकासखण्ड बिलाईगढ़**

| क्र. (1) | शाला का प्रकार (2) | कुल शालाएं (3) | स्वीकृत शिक्षक संख्या (4) | कार्यरत (5) | रिक्त (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हायर सेकेण्डरी | 14 | 185 | 94 | 91 |
| 2. | हाई स्कूल | 18 | 144 | 54 | 90 |
| 3. | पूर्व मा. शाला | 165 | 522 | 463 | 59 |
| 4. | प्रा. शाला | 298 | 878 | 761 | 117 |

शालावार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार है. रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पदोन्नति की कार्यवाही एवं भर्ती प्रक्रिया प्रचलन में है. निश्चित समय-सीमा बताना संभव नहीं है.

## जिला कोरबा में राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजनांतर्गत प्राप्त राशि

15. (*क्र. 529) **श्री बोधराम कंवर :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले में राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार से 31 जनवरी, 2008 तक कितनी राशि कब-कब प्राप्त हुई ? (ख) उक्त योजना के अंतर्गत प्रत्येक विकास खण्ड को कितनी-कितनी राशि उपलब्ध कराई गई ? कितने कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई तथा कितनी-कितनी राशि 31-1-2008 तक व्यय की गई ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) कोरबा जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार से 31 जनवरी, 2008 तक रुपये 2233.72 लाख प्राप्त हुई, तिथिवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) उक्त जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है.

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों का संयुक्त निरीक्षण

16. (*क्र. 215) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 1 अप्रैल, 2006 से 31 जनवरी, 2008 के बीच केन्द्र शासन नई दिल्ली द्वारा अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों को निगरानी हेतु राज्य शासन को लिखे गये पत्र एवं राज्य शासन द्वारा अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ संयुक्त निरीक्षण हेतु जारी किये गये निर्देश के परिपालन में जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी संयुक्त रूप से किन-किन मार्गों का निरीक्षण किये हैं? जनप्रतिनिधि का नाम, अधिकारियों का नाम, निरीक्षित मार्गों के नाम एवं किलोमीटर कितनी-कितनी है ? (ख) क्या विधायक चन्द्रपुर द्वारा कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव, परियोजना क्रियान्वयन ईकाई-2 एवं प्रतिलिपि, सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छ. ग. शासन को पत्र लिखकर निरीक्षण के संबंध में जानकारी मांगी गई थी ? यदि हां, तो क्या विधायक चन्द्रपुर को जानकारी प्रदान कर दी गई ? यदि नहीं, तो कब तक प्रदान कर दी जावेगी ?

† परिशिष्ट "नौ"

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शायी गयी है. (ख) जी हां. जानकारी सात दिवस में दे दी जाएगी.

राज्य में विद्युत उत्पादन एवं खपत संबंधी

17. ( *क्र. 771) **श्री महेन्द्र कर्मा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) माह दिसम्बर 2007 एवं माह जनवरी 2008 में राज्य में विद्युत की औसत खपत एवं औसत उत्पादन कितना था ? (ख) दिसम्बर, 2007 एवं जनवरी, 2008 में 03-02-2008 तक विद्युत मंडल द्वारा कितनी बिजली, किन दरों पर किन-किन फर्मों से खरीदी गई है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) माह दिसम्बर, 2007 एवं माह जनवरी, 2008 में राज्य में विद्युत की औसत खपत क्रमशः 2507.919 मिलियन यूनिट एवं 2642.48 मिलियन यूनिट तथा औसत उत्पादन क्रमशः 3969.164 मिलियन यूनिट एवं 4197.719 मिलियन यूनिट था. (ख) दिसम्बर, 2007 एवं जनवरी, 2008 में विद्युत मंडल द्वारा विभिन्न फर्मों से खरीदी गई बिजली एवं दरों का विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाया गया है. चूंकि खरीदी गई बिजली मापन हेतु लगाये गये मीटरों की रीडिंग मासिक आधार पर होती है, अतः माह फरवरी-2008 में दिनांक 3-2-2008 तक विभिन्न फर्मों से खरीदी गई बिजली एवं दरों की जानकारी दिया जाना संभव नहीं है.

प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना

18. ( *क्र. 762) **श्री गणेशशंकर बाजपेयी** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मापदंड के तहत प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं में कितने शिक्षकों की पदस्थापना का प्रावधान है ? (ख) मापदण्ड अनुसार बलौदा बाजार विधान सभा क्षेत्र की किस-किस प्राथमिक/माध्यमिक शाला में शिक्षकों की पदस्थापना नहीं की गई है ? (ग) बलौदा बाजार विधान सभा क्षेत्र में कितनी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालायें एक शिक्षकीय है ? नाम सहित बतायें ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर) : (क) मापदंड के तहत प्राथमिक शालाओं में 02 शिक्षक एवं माध्यमिक शालाओं में 01 प्रधान पाठक एवं 02 शिक्षकों की पदस्थापना का प्रावधान है. दर्ज संख्या में वृद्धि होने पर प्राथमिक शाला में प्रति 40 बच्चों पर एवं माध्यमिक शाला में प्रति 35 बच्चों पर 01 अतिरिक्त शिक्षक व्यवस्था का प्रावधान है. (ख) मापदण्ड अनुसार बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र की 05 प्राथमिक एवं 04 माध्यमिक शालाओं को छोड़कर (जो एक शिक्षकीय शालाएं हैं) सभी शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना की गई है. दर्ज संख्या में वृद्धि होने के कारण 34 प्राथमिक शालाओं एवं 26 माध्यमिक शालाओं में अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता है. विस्तृत विवरण †† संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ग) बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र में 05 प्राथमिक शाला एवं 04 माध्यमिक शालायें एक शिक्षकीय है. विस्तृत विवरण †† संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है.

प्रदेश में आयरन ओर की खदानों का आवंटन

19. ( *क्र. 567) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि 01-01-08 की स्थिति में प्रदेश में आयरन ओर की खदानें किन-किन लोगों या कंपनी को कितनी-कितनी अवधि के लिए लीज पर आवंटित है

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है.

कोटा विधान सभा क्षेत्रांतर्गत राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में चयनित ग्राम

20. ( *क्र. 748) **डॉ. ( श्रीमती ) रेणु जोगी** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत कोटा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने ग्रामों का चयन किया गया है ? विकासखण्डवार ग्रामों का नाम देवें ? (ख) प्रश्नांश "क" के कितने ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है ? कितनों में कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ? सूची देवें ? (ग) कार्य पूर्ण नहीं होने के क्या कारण हैं ?

---

† परिशिष्ट "दस" †† परिशिष्ट "ग्यारह" ‡ परिशिष्ट "बारह"

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : (क) बिलासपुर जिले की स्वीकृत राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत कोटा विधान सभा क्षेत्र के सभी 159 ग्रामों का चयन किया गया है. विकासखण्डवार ग्रामों के नाम पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शाए गए हैं. (ख) प्रश्नांश (क) के उत्तर में उल्लेखित ग्रामों में से अभी न तो किसी ग्राम में विद्युतीकरण कार्य पूर्ण हुआ है और न ही किसी ग्राम में कार्य प्रारंभ हुआ है. अतः ऐसे ग्रामों की सूची दिये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) केन्द्र शासन द्वारा योजना का क्रियान्वयन वर्तमान में स्थगित रखने एवं राशि उपलब्ध नहीं कराने के कारण कोई कार्य नहीं किया गया है.

रायगढ़ जिला के स्कूलों में कम्प्यूटर शिक्षण

21. ( *क्र. 286 ) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत रायगढ़ जिले के कितने विकासखण्ड के कितने-कितने स्कूलों में कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जा रही है ? विकासखण्डवार स्कूलों की जानकारी देवें. (ख) प्रश्नांक "क" के तहत कितने-कितने छात्र-छात्रा कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं ? विकासखण्डवार छात्र-छात्राओं की संख्या बतावें ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चन्द्राकर ) : (क) राजीव गांधी शिक्षा मिशन के अंतर्गत रायगढ़ जिले के 09 विकासखण्डों के 21 शालाओं में कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिनकी संख्या निम्नानुसार है :—

| क्र. | विकासखण्ड | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | धरमजयगढ़ | 02 |
| 2. | लैलूंगा | 03 |
| 3. | घरघोड़ा | 02 |
| 4. | तमनार | 02 |
| 5. | खरसिया | 03 |
| 6. | रायगढ़ | 03 |
| 7. | पुसौर | 01 |
| 8. | सारंगढ़ | 03 |
| 9. | बरमकेला | 02 |
| | **योग** | **21** |

स्कूलों की सूची परिशिष्ट पर † संलग्न है. (ख) उपरोक्त संचालित केन्द्रों में 4078 छात्र-छात्रा कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. सूची परिशिष्ट पर † संलग्न है.

विकासखण्ड स्रोत समन्वय केन्द्र बिलाईगढ़ में विकलांग बच्चों हेतु आवंटन एवं व्यय

22. ( *क्र. 338 ) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विकासखण्डवार स्रोत समन्वय केन्द्र बिलाईगढ़ जिला रायपुर में 01 जनवरी, 2007 से 15 जनवरी, 2008 की स्थिति में विकलांग बच्चों हेतु कितनी-कितनी राशि किस-किस मद में खर्च हेतु आवंटित की गई ? (ख) उक्त आवंटन में मदवार कुल कितना-कितना खर्च किया गया ? (ग) उक्त योजना में कुल कितने विकलांग बच्चे लाभान्वित हुये ? संकुलवार बतायें ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चन्द्राकर ) : (क) 01 जनवरी 2007 से 15 जनवरी 2008 की स्थिति में विकलांग बच्चों हेतु मदवार आवंटित राशि निम्नानुसार है :—

| क्र.<br>(1) | मद का नाम<br>(2) | आवंटित राशि<br>(3) |
|---|---|---|
| 1. | विकलांग बच्चों के पालकों के उन्मुखीकरण प्रशिक्षण एवं भ्रमण हेतु | 18,750.00 |

† परिशिष्ट "तेरह"

| (1) | (2) | | (3) |
|---|---|---|---|
| 2. | स्वास्थ्य परीक्षण हेतु | | 10,425.00 |
| 3. | रैम्प निर्माण हेतु | | 63,000.00 |
| | | **योग** | **92,175.00** |

(ख) उक्त आवंटन में मदवार व्यय राशि निम्नानुसार है :—

| क्र. (1) | मद का नाम (2) | | आवंटित राशि (3) | व्यय राशि (4) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विकलांग बच्चों के पालकों के उन्मुखीकरण प्रशिक्षण एवं भ्रमण हेतु | | 18,750.00 | 18,750.00 |
| 2. | स्वास्थ्य परीक्षण हेतु | | 10,425.00 | 10,000.00 |
| 3. | रैम्प निर्माण हेतु | | 63,000.00 | 36,000.00 |
| | | **योग** | **92,175.00** | **64,750.00** |

(ग) कुल 193 विकलांग बच्चे लाभान्वित हुये. परिशिष्ट † संलग्न है.

## विभाग द्वारा आयरन फोर्टीफाइड साल्ट का क्रय

23. (*क्र. 834) **मोहम्मद अकबर :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2003-04, 2004-05, 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में वर्षवार कुल कितना-कितना आयरन फोर्टीफाइड साल्ट किससे-किससे, कितने का, किस माध्यम से क्रय किया गया है ? भुगतान की शर्तें क्या थी ? (ख) क्या माह जनवरी 2008 में नमक खरीदी हेतु निविदा आमंत्रित की गई है ? यदि हां, तो अद्यतन स्थिति क्या है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) प्रश्नाधीन वर्षों में वर्ष 2006-07 तक कुल 33,818.70 मी. ट. विभाग द्वारा सी. एस. आई. डी. सी. के माध्यम से मेसर्स प्रिंस इन्टरनेशनल भुवनेश्वर (उड़ीसा) से आयरन फोर्टिफाइड साल्ट का क्रय किया गया. वर्ष 2007-08 में आयरन फोर्टिफाईड साल्ट का क्रय नहीं किया गया. वर्षवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. भुगतान की शर्तों के अनुसार देयक की 90 प्रतिशत राशि देयक के साथ संलग्न चालान पर बाल विकास परियोजनाओं से प्रमाणित प्राप्ति अभीस्वीकृति प्रस्तुत करने पर किया जाता था एवं शेष 10 प्रतिशत राशि का भुगतान प्रदायित आयरन फोर्टिफाईड साल्ट के उस बैच के नमूनों का परीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने पर किया जाता था. (ख) जी हां. सी. एस. आई. डी. सी. द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है, किन्तु अभी निविदा पर निर्णय नहीं हुआ है.

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका एवं कार्यकर्ताओं की नियुक्ति

24. (*क्र. 363) **श्री उदय मुदलियार :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम राजनांदगांव में कितने आंगनबाड़ी की स्वीकृति 31 दिसम्बर, 2007 तक की गई है ? (ख) आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किन-किन वार्डों में कितनी-कितनी संख्या में किया जा रहा है ? (ग) क्या स्वीकृत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति की गई ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम राजनांदगांव में कुल 101 आंगनबाड़ी केन्द्रों को स्वीकृति प्रश्नाधीन अवधि तक दी गई है. (ख) जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ग) जी नहीं.

† परिशिष्ट "चौदह" †† परिशिष्ट "पन्द्रह" ‡ परिशिष्ट "सोलह"

कसडोल विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कें

25. ( *क्र. 830) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कसडोल विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2007-08 में कितनी सड़कें स्वीकृत की गई हैं ? क्या स्वीकृत सड़कों का निर्माण हो रहा है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य की क्या प्रगति है ? (ख) किन-किन सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा जनवरी 2007 से जनवरी 2008 तक हस्तांतरित किया गया है ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चन्द्राकर) : (क) 9 सड़कें. जी नहीं, सड़कों की निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. (ख) कोई भी नहीं.

----------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 558) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| क्रमांक | एजेन्सी (पट्टेदार) का नाम, जिससे रायल्टी राशि वसूल की गई | वसूल की गई रायल्टी राशि (रुपये में) 2005-06 | 2006-07 |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | साऊथ ईस्टर्न कोल्ड फील्ड लिमिटेड (एस. ई. सी. एल.) विश्रामपुर एवं भटगांव. | 587654796.00 | 568360688.00 |
| 2. | बाल्को, कोरबा | 49997480.00 | 77123681.00 |
| 3. | हिण्डाल्को, रेणुकूट | 58880000.00 | 72283800.00 |
| 4. | छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन | 1706846.00 | Nil |
| 5. | सुखदेव प्रसाद गोयनका | 8100.00 | Nil |
| 6. | गौण खनिजों के उत्खनिपट्टाधारी/अनुज्ञप्तिधारी से प्राप्त कुल रायल्टी राशि. | 15691855.00 | 35281114.00 |
| | **कुल वसूल की गई रायल्टी** | **71,39,39,077.00** | **75,30,49,283.00** |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 781) के भाग (ख) की जानकारी ]

राजीव गांधी शिक्षा मिशन ( सर्व शिक्षा अभियान ) जिला-बिलासपुर ( छ. ग. )

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | वर्ष 2005-06 | | वर्ष 2006-07 | | वर्ष 2007-08 | | कुल योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रा. शा. | मा. शा. | प्रा. शा. | मा. शा. | प्रा. शा. | मा. शा. | प्रा. शा. | मा. शा. |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| 1. | बिल्हा | 10 | 16 | 5 | 42 | 0 | 0 | 15 | 58 |
| 2. | गौरेला | 0 | 8 | 20 | 30 | 0 | 0 | 20 | 38 |
| 3. | कोटा | 10 | 7 | 52 | 43 | 0 | 0 | 62 | 50 |
| 4. | लोरमी | 13 | 12 | 10 | 46 | 0 | 0 | 23 | 58 |
| 5. | मरवाही | 0 | 4 | 2 | 46 | 0 | 0 | 2 | 50 |
| 6. | मस्तुरी | 12 | 12 | 9 | 38 | 0 | 0 | 21 | 50 |
| 7. | मुंगेली | 12 | 9 | 14 | 33 | 0 | 0 | 26 | 42 |
| 8. | पथरिया | 2 | 7 | 0 | 23 | 0 | 0 | 2 | 30 |
| 9. | पेण्ड्रा | 0 | 4 | 6 | 23 | 0 | 0 | 6 | 27 |
| 10. | तखतपुर | 8 | 8 | 0 | 35 | 0 | 0 | 8 | 43 |
| | योग : | 67 | 87 | 118 | 359 | 0 | 0 | 185 | 446 |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 334) के भाग (क) की जानकारी ]

**छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा प्रदर्शन हेतु रायपुर में स्थापित किये गये एकमात्र संयंत्र से मई 2007 से दिसंबर 2007 तक माहवार उत्पादित बायोडीजल की जानकारी**

| माह | उत्पादित बायोडीजल (लीटर में) |
|---|---|
| (1) | (2) |
| मई 2007 | निरंक |
| जून 2007 | निरंक |
| जुलाई 2007 | निरंक |
| अगस्त 2007 | 1270.00 |
| सितंबर 2007 | 275.00 |
| अक्टूबर 2007 | निरंक |
| नवंबर 2007 | 699.00 |
| दिसंबर 2007 | 250.00 |
| **कुल** | **2494.00** |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्र. 68) के भाग (ग) की जानकारी ]

उपकरण तथा अन्य साधन प्राप्त करने हेतु कृत्रिम अंग उपकरण योजना के अंतर्गत 18 आवेदन पत्र लंबित है. इसके अतिरिक्त सामर्थ्य विकास योजना के तहत 1296 हितग्राहियों का चयन किया गया है.

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 9 (क्र. 833) के भाग (क) की जानकारी ]

**राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रश्नाधीन सड़कों की स्वीकृति तथा कार्य में उपयोग सामग्री की जानकारी**

| क्र. | कार्य का नाम | स्वीकृति दिनांक | प्रशासकीय स्वीकृति राशि (रु. लाख में) | किस खदान से मटेरियल उपयोग किया गया | उपयोग किये गये मटेरियल की मात्रा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | भीखमपुर से हरदी डब्ल्यू. बी. एम. मार्ग निर्माण. | 19-12-06 | 13.05 | अ. हथलेवा ग्राम पंचायत के ग्राम अचानकपुर के नाले से. | 1149.30 घनमीटर बजरी |
| | | | | ब. ग्राम पंचायत गगरिया खम्हरिया के ग्राम कोटरा-बुन्देली से. | 1306.72 घनमीटर मुरूम |
| | | | | स. रणजीतपुर ग्राम पंचायत के ग्राम मानपुर खदान से. | 338.00 घनमीटर ग्रेड-2 गिट्टी |
| 2. | डुगिया चौक से मगरवाह खरौंघार रेंगाखार डब्ल्यू. बी. एम. मार्ग निर्माण. | 22-06-07 | 22.95 | ग्राम पंचायत गगरिया खम्हरिया के ग्राम कोटरा बुन्देली से. | 3034.00 घनमीटर मुरूम |
| 3. | मेहगांव से चिलगुड़ा डब्ल्यू. बी. एम. मार्ग निर्माण. | 22-06-07 | 17.50 | ग्राम पंचायत गगरिया खम्हरिया के ग्राम कोटरा बुन्देली. | 2340.00 घनमीटर मुरूम |

# परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 03) के भाग (ख) की जानकारी ]

| क्र. (1) | अधिकारी/कर्मचारी का नाम (2) | की गई कार्यवाही (3) |
|---|---|---|
| 1. | श्री मुरलीधर बहिदार, तत्कालिन प्रशासकीय परियोजना अधिकारी. | आदेश क्रमांक 980 दिनांक 14-09-07 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित. |
| 2. | श्रीमती आई. बड़ा, पर्यवेक्षक, एकीकृत बाल विकास परियोजना, बरमकेला. | आदेश क्रमांक 986 दिनांक 14-09-07 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित. |
| 3. | श्रीमती बसंता गोस्वामी, पर्यवेक्षक, एकीकृत बाल विकास परियोजना, बरमकेला. | आदेश क्रमांक 988 दिनांक 14-09-07 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित. |
| 4. | श्रीमती लीला नन्दे, पर्यवेक्षक, एकीकृत बाल विकास परियोजना, बरमकेला. | आदेश क्रमांक 982 दिनांक 14-09-07 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित. |
| 5. | श्रीमती कमला सिदार, पर्यवेक्षक, एकीकृत बाल विकास परियोजना, बरमकेला. | आदेश क्रमांक 984 दिनांक 14-09-07 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित. |
| 6. | श्रीमती आल्हादिनी सत्पथी, पर्यवेक्षक, एकीकृत बाल विकास परियोजना, बरमकेला. | आदेश क्रमांक 990 दिनांक 14-09-07 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित. |

# परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 362) के भाग (क) की जानकारी ]

**राजनांदगांव जिले में गृहलक्ष्मी योजनान्तर्गत 31 दिसम्बर, 2007 तक ब्लाकवार प्रदाय गैस सिलेण्डर की जानकारी**

| क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | दिये गये गैस सिलेण्डर की संख्या |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | राजनांदगांव | 1668 |
| 2. | डोंगरगांव | 1899 |
| 3. | चौकी | 100 |
| 4. | डोंगरगढ़ | 2712 |
| 5. | खैरागढ़ | 1292 |
| | योग | 7671 |

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 494) की जानकारी ]

### रायपुर जिले के भाटापारा विकासखण्ड के अंतर्गत किये गये रतनजोत पौधरोपण की ग्रामवार जानकारी

| क्र. | विभाग | वर्ष | ग्राम का नाम | | रोपित पौध संख्या | आच्छादित भूमि हेक्टेयर में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | | (5) | (6) |
| 1. | वन | 2006-07 | गोढ़ी | | 70000 | 28 |
| 2. | | | तरेंगा | | 42500 | 17 |
| 3. | | | बोरसी | | 45000 | 18 |
| 4. | | | कोसमंदा | | 25000 | 10 |
| 5. | | | सिंगारपुर | | 62500 | 25 |
| 6. | | | केसला | | 37500 | 15 |
| | | | | योग | 282500 | 113 |
| 1. | | 2007-08 | पासीद | | 62500 | 30 |
| 2. | | | सिंगारपुर | | 37500 | 15 |
| 3. | | | अमलीडीह | | 62500 | 25 |
| 4. | उद्यान | 2007-08 | बासीद | | 500 | 0.200 |
| 5. | | | गोढ़ी | | 2000 | 0.800 |
| 6. | | | टेमरी | | 4100 | 1.640 |
| 7. | | | टेहका | | 4000 | 1.600 |
| 8. | | | ओटेबंद | | 1000 | 0.400 |
| 9. | | | सेमराहोट | | 500 | 0.200 |
| 10. | | | खोखली | | 3000 | 1.200 |
| 11. | | | हथनीपारा | | 1000 | 0.400 |
| 12. | | | मजगांव | | 4500 | 1.800 |
| 13. | | | सुरखा | | 12500 | 5.000 |
| 14. | | | गुर्रा | | 2000 | 0.800 |
| 15. | | | हसदा | | 900 | 0.360 |
| | | | | योग | 198500 | 84.4 |
| | | | | महायोग | 481000 | 197.4 |

## परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 529) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि की तिथिवार जानकारी - जिला कोरबा

| क्रमांक | दिनांक | केन्द्र से प्राप्त राशि रुपये लाख में | राज्यांश राशि रुपये लाख में | कुल राशि रुपये लाख में |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | 23-02-07 | 30.00 | - | 30.00 |
| 2. | 23-03-07 | 12.00 | - | 12.00 |
| 3. | 28-03-07 | 400.00 | - | 400.00 |
| 4. | 23-05-07 | 980.00 | 44.44 | 1024.44 |
| 5. | 30-05-07 | - | 108.88 | 108.88 |
| 6. | 20-06-07 | 797.22 | 88.58 | 885.80 |
| 7. | 13-11-07 | 10.00 | - | 10.00 |
| 8. | 13-11-07 | 4.50 | - | 4.50 |
| | योग | 2233.72 | 241.90 | 2475.62 |

प्रपत्र "ब"

**राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत उपलब्ध, स्वीकृत एवं व्यय राशि की विकासखण्डवार जानकारी - जिला कोरबा**

| क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | राशि उपलब्ध कराई गई (रुपये लाख में) | कार्य स्वीकृति प्रदान की गई | 31-01-2008 तक व्यय राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | कोरबा | 614.02 | 527 | 566.83 |
| 2 | कटघोरा | 389.91 | 234 | 341.65 |
| 3. | करतला | 412.27 | 593 | 360.25 |
| 4 | पाली | 431.68 | 321 | 368.32 |
| 5. | पोड़ीउपरोड़ा | 504.65 | 562 | 451.24 |
| | **योग** | **2352.53** | **2237** | **2088.29** |

परिशिष्ट "दस"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 771) के भाग (ख) की जानकारी ]

**दिसम्बर 2007 एवं जनवरी 2008 में विद्युत मण्डल द्वारा विभिन्न फर्मों से खरीदी गई बिजली एवं दरों का विवरण**

| क्रमांक | फर्म का नाम | दिसंबर-2007 | | जनवरी-2008 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बिजली की मात्रा मिलियन यूनिट में | दर रुपये प्रति यूनिट | बिजली की मात्रा मिलियन यूनिट में | दर रुपये प्रति यूनिट |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **I** | **केन्द्रीय उपक्रम से** | | | | |
| 1. | राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम | 255.62 | 1.61 | 251.24 | 1.36 |
| 2. | न्यूक्लियर पॉवर कार्पोरेशन, काकरापार | 0.74 | 1.62 | 0.74 | 2.03 |
| 3. | न्यूक्लियर पॉवर कार्पोरेशन, तारापुर | 13.9 | 3.62 | 15.34 | 2.89 |
| | योग | 270.26 | | 267.32 | |
| **II** | **केप्टिव संयंत्रों से** | | | | |
| 1. | आरसमेटा केप्टिव पॉवर कंपनी प्रा. लि., चांपा | 4.28 | 2.62 | 3.34 | 2.19 |
| 2. | बजरंग पॉवर एवं इस्पात लिमिटेड, रायपुर | 0.91 | 1.87 | 0.56 | 1.25 |
| 3. | रायपुर एलायज एवं स्टील लिमिटेड, रायपुर | 1.69 | 1.60 | 1.46 | 1.03 |
| 4. | एच. ई. जी., बोरई, दुर्ग | 0.80 | 1.75 | 0.88 | 1.82 |
| 5. | इण्ड सिनर्जी लिमिटेड, रायगढ़ | 1.28 | 2.73 | 4.11 | 2.68 |
| 6. | इण्डसिल एनर्जी लिमिटेड, रायपुर | 0.005 | 0.02 | 0.004 | 0.02 |
| 7. | बालको, कोरबा | 12.09 | 1.82 | 21.47 | 2.34 |
| 8. | जायसवाल निको लिमिटेड, रायपुर | 5.35 | 2.56 | 5.80 | 2.66 |
| 9. | जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ | 41.94 | 2.10 | 57.42 | 2.26 |
| 10. | श्री नाकोड़ा इस्पात एवं पॉवर लिमिटेड, रायपुर | 1.33 | 2.11 | 0.47 | 1.06 |
| 11. | रोकल इस्पात एवं पॉवर लिमिटेड, बोरझरा, रायपुर | 3.64 | 2.23 | 4.16 | 2.28 |
| 12. | हीरा फेरो एलायज लिमिटेड, रायपुर | 2.37 | 2.19 | 2.41 | 2.45 |
| 13. | सिंघल इण्टरप्राईजेज प्रा. लि., रायगढ़ | 1.24 | 0.90 | 3.88 | 1.73 |
| 14. | नवदुर्गा फ्यूल प्राईवेट लिमिटेड, रायगढ़ | 0.07 | 0.29 | 0.03 | 0.06 |
| 15. | एमएसपी स्टील एवं पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ | 0.30 | 1.00 | 0.42 | 1.43 |
| 16. | क्रिस्ट स्टील एवं पॉवर लिमिटेड, राजनांदगांव | 0.66 | 0.45 | 0.45 | 0.50 |
| 17. | एसकेएस इस्पात लिमिटेड, सिलतरा, रायपुर | 6.42 | 2.17 | 4.49 | 1.87 |
| 18. | श्री राधे इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, सिरगिट्टी, बिलासपुर | 0 | 2.80 | 0 | 2.80 |
| 19. | महेन्द्रा स्पंज एवं पॉवर लिमिटेड, सिलतरा, रायपुर | 0.29 | 1.03 | 1.70 | 2.35 |
| 20. | जी. आर. स्पंज एवं पॉवर लिमिटेड, सिलतरा, रायपुर | 0.26 | 1.15 | 0.29 | 1.03 |
| 21. | रश्मि स्पंज एवं आयरन प्रा. लि., रायपुर | 2.32 | 2.63 | 2.43 | 2.51 |
| 22. | ए. पी. आई. इस्पात एवं पॉवरटेक लिमिटेड, सिलतरा रायपुर | 3.69 | 2.49 | 3.24 | 2.65 |
| 23. | मोनेट इस्पात एवं एनर्जी लिमिटेड, रायपुर | 9.13 | 2.71 | 0.88 | 2.50 |
| 24. | वंदना ग्लोबल, रायपुर | 6.61 | 2.51 | 4.68 | 1.99 |
| 25. | ए. सी. सी. लिमिटेड, जामुल, दुर्ग | 2.21 | 2.26 | 2.86 | 2.12 |
| 26. | गोदावरी पॉवर एवं इस्पात लिमिटेड, रायपुर | 2.09 | 1.67 | 0.27 | 0.48 |
| | योग | 110.98 | | 127.70 | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| III | आई. पी. पी. | | | | |
| 1. | सालासार स्पंज एवं पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ | 9.68 | 2.75 | 8.47 | 2.74 |
| 2. | जगदम्बा पॉवर एवं एलायज लिमिटेड, सिलतरा, रायपुर | 16.14 | 2.80 | 3.27 | 0.67 |
| 3. | अभिजीत इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, सिलतरा, रायपुर | 13.20 | 2.48 | 14.46 | 2.66 |
| 4. | आर्यन कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, कोरबा | 15.08 | 2.71 | 19.07 | 2.80 |
| 5. | जिंदल पॉवर लिमिटेड, तमनार, रायगढ़ | 18.64 | 1.85 | 113.20 | 2.63 |
| | योग | 72.74 | | 158.47 | |
| IV | बॉयोमास आधारित संयंत्रों से | | | | |
| 1. | अग्रवाल विद्युत लिमिटेड, रायपुर | 0.60 | 1.50 | 0.21 | 1.50 |
| 2. | के. व्ही. के. बॉयो एनर्जी लिमिटेड, अकलतरा, बिलासपुर | 5.17 | 2.65 | 9.12 | 2.63 |
| 3. | सुधा एग्रो आईल एवं केमिकल लिमिटेड, बिलासपुर | 6.72 | 2.75 | 7.10 | 2.75 |
| 4. | इकोफ्रेन पॉवर एवं प्रोजेक्ट लिमिटेड, चन्द्रखुरी, दुर्ग | 5.43 | 2.73 | 5.06 | 2.71 |
| 5. | नीरज पॉवर प्राईवेट लिमिटेड, सिमगा, रायपुर | 4.11 | 2.73 | 4.32 | 2.73 |
| 6. | ईसा पॉवर प्राईवेट लिमिटेड, धमतरी | 4.62 | 2.73 | 4.97 | 2.76 |
| 7. | रुक्मणी पॉवर एवं स्टील लिमिटेड, खरसिया, रायगढ़ | 4.22 | 2.73 | 5.91 | 2.69 |
| 8. | एन. आर. आई. पॉवर एवं स्टील प्राईवेट लिमिटेड, बिलासपुर | 4.30 | 2.74 | 3.36 | 2.74 |
| 9. | आर. आर. एनर्जी लिमिटेड, रायगढ़ | 10.01 | 2.76 | 9.67 | 2.74 |
| 10. | शिवालिक पॉवर एवं स्टील लिमिटेड, बेलसोण्डा महासमुंद | 4.54 | 2.78 | 5.15 | 2.74 |
| 11. | कालिन्दी पॉवर एवं स्टील लिमिटेड, महासमुंद | 4.58 | 2.75 | 5.22 | 2.76 |
| 12. | रायपति पॉवर जनरेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव | 4.88 | 2.77 | 4.86 | 2.76 |
| | योग | 59.18 | | 64.95 | |
| | कुल योग | 513.16 | | 618.44 | |

परिशिष्ट "ग्यारह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 18 (क्र. 762) के भाग (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**विधान सभा क्षेत्र बलौदाबाजार के प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं में दर्ज के मान से आवश्यकता वाली शालाओं की सूची**

| क्रमांक (1) | शाला का नाम (2) | विकासखण्ड का नाम (3) |
|---|---|---|
| | **प्राथमिक शाला** | |
| 1. | प्रा. शाला पौंसरी (चांपा) | बलौदाबाजार |
| 2. | प्रा. शाला बुड़गहन | बलौदाबाजार |
| 3. | प्रा. शाला करमनडीह | बलौदाबाजार |
| 4. | प्रा. शाला खजूरी | बलौदाबाजार |
| 5. | प्रा. शाला मोहतरा | बलौदाबाजार |
| 6. | प्रा. शाला सेम्हराडीह | बलौदाबाजार |
| 7. | प्रा. शाला सोनाडीह | बलौदाबाजार |
| 8. | प्रा. शाला पुरेना | बलौदाबाजार |
| 9. | प्रा. शाला परागांव | बलौदाबाजार |
| 10. | प्रा. शाला ठेलकी | बलौदाबाजार |
| 11. | प्रा. शाला गैतरा | बलौदाबाजार |
| 12. | प्रा. शाला छईहा (म्हाल) | बलौदाबाजार |
| 13. | प्रा. शाला पौसरी (रवार) | बलौदाबाजार |
| 14. | प्रा. शाला कोलयारी | बलौदाबाजार |
| 15. | प्रा. शाला करमदा | बलौदाबाजार |
| 16. | प्रा. शाला कन्या भटभेरा | सिमगा |
| 17. | प्रा. शाला चण्डी | सिमगा |
| 18. | प्रा. शाला फरहदा | सिमगा |
| 19. | प्रा. शाला हिरमी | सिमगा |
| 20. | प्रा. शाला जांगड़ा | सिमगा |
| 21. | प्रा. शाला झीपन | सिमगा |
| 22. | प्रा. शाला खपराडीह | सिमगा |
| 23. | प्रा. शाला मटिया | सिमगा |
| 24. | प्रा. शाला नेवारी | सिमगा |
| 25. | प्रा. शाला पड़कीडीह | सिमगा |
| 26. | प्रा. शाला रावन | सिमगा |
| 27. | प्रा. शाला डिग्गी | सिमगा |
| 28. | प्रा. शाला सिनाधा | सिमगा |
| 29. | प्रा. शाला टेकारी | सिमगा |
| 30. | प्रा. शाला आमाकोनी | सिमगा |
| 31. | प्रा. शाला लोहारी | सिमगा |
| 32. | प्रा. शाला लच्छनपुर | भाटापारा |
| 33. | प्रा. शाला पाटन | भाटापारा |
| 34. | प्रा. शाला पासिद | भाटापारा |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| | **माध्यमिक शाला** | |
| 1. | मा. शाला मोहतरा | बलौदाबाजार |
| 2. | मा. शाला सकरीपार | बलौदाबाजार |
| 3. | मा. शाला रवान | बलौदाबाजार |
| 4. | मा. शाला रसेड़ा | बलौदाबाजार |
| 5. | मा. शाला लटवा | बलौदाबाजार |
| 6. | मा. शाला अर्जुनी | बलौदाबाजार |
| 7. | मा. शाला देवरी | बलौदाबाजार |
| 8. | मा. शाला बिटकुली | सिमगा |
| 9. | मा. शाला लोहारी | सिमगा |
| 10. | मा. शाला रानीजरौद | सिमगा |
| 11. | मा. शाला बुड़गहन | सिमगा |
| 12. | मा. शाला सकलोर | सिमगा |
| 13. | मा. शाला फुरहदा | सिमगा |
| 14. | मा. शाला मटिया | सिमगा |
| 15. | मा. शाला पेण्डरी | सिमगा |
| 16. | मा. शाला चण्डी | सिमगा |
| 17. | मा. शाला खपराडीह | सिमगा |
| 18. | मा. शाला भालेसुर | सिमगा |
| 19. | मा. शाला परसवानी | सिमगा |
| 20. | मा. शाला लच्छनपुर | भाटापारा |
| 21. | मा. शाला केसला | भाटापारा |
| 22. | मा. शाला पासिद | भाटापारा |
| 23. | मा. शाला वोटेबंद | भाटापारा |
| 24. | मा. शाला बिटकुली | भाटापारा |
| 25. | मा. शाला खैरा | भाटापारा |
| 26. | मा. शाला पाटन | भाटापारा |

प्रपत्र "ब"

बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत एक शिक्षकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं की सूची :—

| | शाला का नाम | विकासखण्ड |
|---|---|---|
| 1. | प्रा. शा. पैंसरी (चांपा) | बलौदाबाजार |
| 2. | प्रा. शा. दर्रीपारा, धनेली | भाटापारा |
| 3. | प्रा. शा. लच्छनपुर | भाटापारा |
| 4. | प्रा. शा. लालपुर | भाटापारा |
| 5. | नवीन प्रा. शा. खपरी | सिमगा |
| 1. | पू. मा. शा. पाटन | भाटापारा |
| 2. | पू. मा. शा. पासिद | भाटापारा |
| 3. | पू. मा. शा. केसला | भाटापारा |
| 4. | पू. मा. शा. मुड़पार | भाटापारा |

परिशिष्ट "बारह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 567) की जानकारी ]

**दिनांक 1-1-08 की स्थिति में खनिज लौह अयस्क के खनिपट्टों ( लीज ) की जानकारी**

| क्र.<br>(1) | खनिपट्टेधारियों का नाम एवं पता<br>(2) | स्वीकृत क्षेत्र<br>(3) | स्थिति ग्राम/तहसील/जिला<br>(4) | अवधि<br>(5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स रायपुर एलायज एण्ड स्टील लिमिटेड रायपुर सिलतरा इण्डस्ट्रीयल एरिया रायपुर. | 80.710 हे. | डोंगरबोर तह. मोहला जिला दुर्ग. | 30 वर्ष (दि. 30-12-02 से 29-12-32 तक) |
| 2. | मेसर्स स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई) जिला दुर्ग. | 220.42 हे. | पण्डरी दल्लीराजहरा, पहाड़ तह. बालोद, जिला दुर्ग. | 20 वर्ष (दि. 27-4-03 से 26-4-2023 तक) |
| 3. | मेसर्स स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई) जिला दुर्ग. | 100.00 हे. | दल्ली फारेस्ट रेंज तह. बालोद, जिला दुर्ग. | 20 वर्ष (दि. 21-8-03 से 20-8-2023 तक) |
| 4. | मेसर्स स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई) जिला दुर्ग. | 719.60 हे. | राजहरा हिल्स तह. बालोद, जिला दुर्ग. | 20 वर्ष (दि. 1-6-03 से 31-5-2023 तक) |
| 5. | मेसर्स स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई) जिला दुर्ग. | 1522.67 हे. | महामाया, दुल्की तह. बालोद, जिला दुर्ग. | 20 वर्ष (दि. 4-11-01 से 3-11-2021 तक) |
| 6. | मेसर्स जायसवाल निको लिमिटेड कंपनी सिलतरा रायपुर छ. ग. | 192.25 हे. | छोटे डोंगर, तह. व जिला नारायणपुर. | 30 वर्ष (दि. 21-6-05 से 20-6-2035 तक) |
| 7. | श्री जीवन लाल जैन बस्तर रोड, धमतरी | 17.930 हे. | बरबसपुर, तह. भानुप्रतापपुर जिला कांकेर. | 20 वर्ष (दि. 14-3-96 से 13-3-2016 तक) |
| 8. | मेसर्स जायसवाल निको लिमिटेड कंपनी सिलतरा रायपुर छ. ग. | 25.000 हे. | मेटा बोदली, तह. पखांजूर जिला कांकेर. | 20 वर्ष (दि. 17-1-2002 से 16-1-2022 तक) |
| 9. | मेसर्स नेशनल मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, खनिज भवन, 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028. | 540.05 हे. | डिपा. नं. 5 बचेली, जिला दन्तेवाड़ा. | 20 वर्ष (दि. 17-10-05 से 16-10-2025 तक) |
| 10. | मेसर्स नेशनल मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, खनिज भवन, 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028. | 322.368 हे. | डिपा. 14, किरन्दुल जिला दन्तेवाड़ा. | 20 वर्ष (दि. 7-10-05 से 6-10-2025 तक) |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 11. | मेसर्स नेशनल मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, खनिज भवन, 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028. | 506.742 है. | डिपा. 14 किरन्दुल जिला दन्तेवाड़ा. | 20 वर्ष (दि. 17-10-05 से 16-10-2025 तक) |
| 12. | मेसर्स नेशनल मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, खनिज भवन, 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028. | 309.340 है. | डिपा. 10 किरन्दुल जिला दन्तेवाड़ा. | 20 वर्ष (दि. 30-12-06 से 29-12-2026 तक) |
| 13. | मेसर्स नेशनल मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, खनिज भवन, 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028. | 874.924 है. | डिपा-11 सी बड़े बचेली जिला दन्तेवाड़ा. | 20 वर्ष (दि. 17-10-05 से 16-10-2025 तक) |
| 14. | मेसर्स नेशनल मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, खनिज भवन, 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028. | 142.800 है. | डिपा. 10 बचेली जिला दन्तेवाड़ा. | 20 वर्ष नवकरण अनुबंध नहीं हुआ है. |

परिशिष्ट "तेरह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्र. 286) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**राजीव गांधी शिक्षा मिशन अन्तर्गत रायगढ़ जिले में 14 हेड स्टार्ट केन्द्र एवं 07 टचस्क्रीन केन्द्र स्थापित है. हेडस्टार्ट एवं टचस्क्रीन अन्तर्गत स्थापित केन्द्रों एवं लाभान्वित बच्चों की जानकारी निम्नानुसार है :—**

**हेड स्टार्ट केन्द्र—**

| क्र. | विकासखण्ड | हेडस्टार्ट केन्द्र का नाम | कम्प्यूटर्स संख्या | लाभान्वित बच्चों की संख्या बालक | बालिका | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | धरमजयगढ़ | 1. अभ्यास शाला धरमजयगढ़ | 05 | 97 | 83 | 180 |
| 2. | लैलूंगा | 2. प्रा. शा. राजपुर | 05 | 111 | 113 | 224 |
| | | 3. प्रा. शा. लैलूंगा | 05 | 192 | 134 | 326 |
| 3. | घरघोड़ा | 4. प्रा. शा. कुडुमकेला | 05 | 122 | 118 | 240 |
| | | 5. प्रा. शा. घरघोड़ा | 05 | 128 | 43 | 171 |
| 4. | तमनार | 6. कन्या आश्रम गोढ़ी | 05 | 0 | 175 | 175 |
| 5. | खरसिया | 7. आदर्श प्रा. शा. खरसिया | 05 | 126 | 122 | 248 |
| | | 8. प्रा. शा. बिलासपुर | 05 | 60 | 67 | 127 |
| 6. | रायगढ़ | 9. प्रा. शा. सम्बलपुरी | 05 | 45 | 48 | 93 |
| | | 10. प्रा. शा. जामगांव | 05 | 81 | 72 | 153 |
| 7. | पुसौर | 11. प्रा. शा. पुसौर | 05 | 91 | 268 | 359 |
| 8. | सारंगढ़ | 12. प्रा. शा. दानसरा | 05 | 0 | 132 | 132 |
| | | 13. प्रा. शा. सारंगढ़ | 05 | 150 | 15 | 165 |
| 9. | बरमकेला | 14. प्रा. शा. बरमकेला | 05 | 83 | 143 | 226 |
| | | **योग** | **70** | **1286** | **1513** | **2819** |

**टचस्क्रीन केन्द्र—**

| क्र. | विकासखण्ड | टचस्क्रीन केन्द्र का नाम | कम्प्यूटर्स संख्या | लाभान्वित बच्चों की संख्या बालक | बालिका | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | धरमजयगढ़ | कन्या मा. शा. धरमजयगढ़ | 08 | 79 | 131 | 210 |
| 2. | लैलूंगा | कन्या मा. शा. लैलूंगा | 05 | 0 | 308 | 308 |
| 3. | तमनार | कन्या मा. शा. तमनार | 05 | 0 | 69 | 69 |
| 4. | खरसिया | कन्या मा. शा. हालाहुली | 05 | 0 | 51 | 51 |
| 5. | रायगढ़ | कन्या मा. शा. रायगढ़ | 09 | 0 | 135 | 135 |
| 6. | सारंगढ़ | कन्या मा. शा. सारंगढ़ | 05 | 0 | 314 | 314 |
| 7. | बरमकेला | कन्या मा. शा. बरमकेला | 08 | 0 | 172 | 172 |
| | | **योग** | **45** | **79** | **1180** | **1259** |

## परिशिष्ट "चौदह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 338) के भाग (ग) की जानकारी ]

**( कुल लाभान्वित विकलांग बच्चों की संख्या संकुलवार )**

| क्र. (1) | संकुल का नाम (2) | लाभान्वित बच्चे (3) |
|---|---|---|
| 1. | बिलाईगढ़ | 05 |
| 2. | बांसउरकुरी | 01 |
| 3. | धनसीर | 00 |
| 4. | सलिहा | 00 |
| 5. | पवनी | 16 |
| 6. | पुरगांव | 09 |
| 7. | खुरसुला | 11 |
| 8. | टुण्डरी | 16 |
| 9. | बनाहिल | 00 |
| 10. | परसाडीह | 00 |
| 11. | भटगांव | 21 |
| 12. | जोरा | 00 |
| 13. | सलौनीकला | 08 |
| 14. | जमगहन | 08 |
| 15. | बेलटिकरी | 02 |
| 16. | गेड़ापाली | 07 |
| 17. | गिरसा | 09 |
| 18. | खम्हरिया | 14 |
| 19. | धोबनी | 01 |
| 20. | सरसींवा | 00 |
| 21. | पेण्ड्रावन | 02 |
| 22. | बलौदी | 10 |
| 23. | पण्डरीपाली | 02 |
| 24. | मधाईभाठा | 07 |
| 25. | बिलासपुर | 18 |
| 26. | गाताडीह | 03 |
| 27. | भिनोदी | 10 |
| 28. | सेन्दुरस | 04 |
| 29. | रायकोना | 09 |
| | योग | 193 |

## परिशिष्ट "पंद्रह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 834) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | वर्ष | क्रय की गई आयरन फोर्टिफाईड साल्ट की मात्रा (मीट्रिक टन) | साल्ट क्रय पर व्यय राशि (समस्त व्यय सहित) (लाख रुपये में) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | 2003-04 | 8436.00 | 405.96 |
| 2. | 2004-05 | 8463.55 | 507.54 |
| 3. | 2005-06 | 8347.00 | 759.08 |
| 4. | 2006-07 | 8572.15 | 528.77 |
| 5. | 2007-08 | ---- | 68.29* |

* वर्ष 2006-07 का शेष भुगतान.

परिशिष्ट "सोलह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 24 (क्र. 363) के भाग (ख) की जानकारी ]

**राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्रांतर्गत नगर निगम राजनांदगांव में वार्ड अनुसार संचालित केन्द्रों की संख्या**

| वार्ड का नाम | आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या | |
|---|---|---|
| | स्वीकृत | संचालित |
| (1) | (2) | (3) |
| बजरंग वार्ड | 2 | 2 |
| पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी वार्ड | 2 | 2 |
| चिखली वार्ड | 3 | 2 |
| महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड | 3 | 3 |
| मोतीपुर वार्ड | 3 | 3 |
| महात्मा बुद्ध वार्ड | 3 | 3 |
| माधव मुक्तिबोध वार्ड | 2 | 2 |
| महात्मा गांधी वार्ड | 2 | 1 |
| राजेन्द्र प्रसाद वार्ड | 2 | 2 |
| स्टेशन पारा वार्ड | 2 | 2 |
| डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड | 2 | 2 |
| गौरीनगर वार्ड | 3 | 3 |
| बलराम दास वार्ड | 2 | 2 |
| बल्देव प्रसाद वार्ड | 2 | 2 |
| ठा. प्यारेलाल वार्ड | 2 | 2 |
| तुलसीपुर वार्ड | 1 | 1 |
| ममता नगर वार्ड | 3 | 2 |
| रविदास वार्ड | 3 | 1 |
| रामकृष्ण वार्ड | 2 | 2 |
| गुरु गोविंद सिंह वार्ड | 2 | 2 |
| शीतला माता वार्ड | 2 | 1 |
| सर्वे. दास वार्ड | 1 | 1 |
| तिलक वार्ड | 2 | 2 |
| कैलाश वार्ड | 3 | 2 |
| कन्हारपुरी वार्ड | 3 | 3 |
| संजय वार्ड | 4 | 4 |
| विवेकानंद वार्ड | 2 | 2 |
| महावीर वार्ड | 2 | 2 |
| दिग्विजय वार्ड | 1 | 1 |
| हीरामोती वार्ड | 1 | 1 |
| गुरु घासीदास वार्ड | 1 | 1 |
| झूलेलाल वार्ड | 2 | 2 |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| दुर्गा देवी वार्ड | 2 | 2 |
| राजीव वार्ड | 4 | 3 |
| कौरिन भाठा वार्ड | 4 | 3 |
| बसंतपुर वार्ड | 3 | 1 |
| इंदिरा वार्ड | 3 | 2 |
| नंदई वार्ड | 4 | 1 |
| लखोली वार्ड | 4 | 4 |
| रानी जोतकुंवर वार्ड | 4 | 1 |
| शिवनाथ वार्ड | 3 | 1 |
| योग | 101 | 81 |